Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**Emergent Meeting of**
**COMMITTEE OF MANAGEMENT**

**Date:12/05/2023**
**Place: Web**
**Time:1900 hrs**

वेब के द्वारा आहूत प्रबंधन समिति की आकस्मिक बैठक में कोरम सुनिश्चित होने के बाद बैठक की अध्यक्षता बीसीए के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने की।

**Agenda-1**: वर्तमान स्थिति पर चर्चा एवं निर्णय

1. बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के कुछ पूर्व पदाधिकारियों द्वारा एक गुट बना कर बार-बार रजिस्ट्रेशन विभाग में अनर्गल आरोप लगाने , माननीय न्यायालय में भी बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को घसीटने तथा बीसीसीआई को बार-बार शिकायती पत्र भेज कर छवि खराब करने के सम्बन्ध में कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया।
2. उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने कहा कि चुनाव में पराजित अथवा संघ विरोधी कारवाई के कारण निष्काषित राज्य संघ के पूर्व एवं कुछ जिला संघों के भी ऐसे पदाधिकारी बीसीए के चुनाव सम्बन्धी अनर्गल आरोप लगाने में व्यस्त हैं जिससे बीसीए के आधारभूत संरचना सहित अन्य सकारात्मक गतिविधियों को आगे बढाने में समस्या उत्पन्न हो रही है।
3. कोषाध्यक्ष महोदय ने बिहार जैसे राज्य के लिए बीसीसीआई से फण्ड को बढाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता बतायी।

**निर्णय:** ध्वनिमत से सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि सभी सम्बंधित फोरम पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाये और इस सम्बन्ध में विधिक समन्वय के लिए नीरज सिंह (महाप्रबंधक, प्रशासन) एवं उनकी टीम को अधिकृत किया गया। इस पूरी कारवाई के निरिक्षण/निर्देश तथा समयानुकूल निर्णय लेने हेतु माननीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बीसीए की तरफ से अधिकृत किया गया।

माननीय अध्यक्ष ने सूचित किया कि आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए राज्य सरकार के मुख्य मंत्री स्तर पर वार्ता की जा रही है और जल्दी ही अच्छी / सकारात्मक सूचना मिलने की आशा है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसे संघ विरोधी/ विघ्नसंतोषी तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कड़ी कारवाई की जाए तथा निर्वाचन कार्य के लिए भविष्य में संदिग्ध एवं संघ विरोधी कार्यों में लिप्त रहने वाले अधिकारीयों की नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति नहीं की जाये।

माननीय अध्यक्ष ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि वह बीसीसीआई के उच्च पदस्थ अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द बिहार क्रिकेट का फण्ड बढवाने का प्रयास करेंगे

अन्य विषय नहीं रहने से सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय ने बैठक के समापन की घोषणा की।

वेब बैठक का लिखित कार्यवाही बैठक की रिकार्डिंग के अनुरूप है।

[signature]
Manish Raj
CEO, BCA

Rakesh Kumar Tiwary [signature]

**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation